## प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष – 2021

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )

वाद सं0 : 581 सन 2019

अनवान :–

1. मनफुलराम पुत्र मोमनराम जाति जाट निवासी टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

**दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**उपस्थित :– श्री विजयसिह कडवासरा अधिवक्ता वादी**

**निर्णय दिनांक :– 5/10/2021**

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आश्य का पेश किया की रोही मौजा टोपरिया बारानी के खाता संख्या 240/211 की कुल 6.8310हैक वादी के नाम दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी का नाम रामनारायण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम दर्ज कर रखा है जबकि वादी का सही नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी का नाम गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी का सही नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम रामनारायण उर्फ फुला दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

अतः वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाकर मीरा पत्नि स्व बलवन्त के स्थान पर मैना पत्नि स्व बलवन्त संशोधन करने के आदेश फरमावे वादी का वाद डिक्री फरमावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान केम्प कोर्ट में पेश होने पर वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की रोही मौजा टोपरिया बारानी के खाता संख्या 240/211 की कुल 6. 8310हैक वादी के नाम दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी का नाम रामनारायण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम दर्ज कर रखा है जबकि वादी का सही नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी का नाम गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी का सही नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम मीरा पत्नि बलवन्त दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार की रोही मौजा टोपरिया बारानी के खाता संख्या 240/211 की कुल 6.8310हैक्ट वादी के नाम दर्ज है जिसमें वादी का नाम रामनारायण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम दर्ज है

वादी का कथन है कि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय मनफुलराम पुत्र मोमनीराम के स्थान पर रामनारयण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम दर्ज किया गया है सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, दस्तावेजात सभी में वादी का नाम मनफुलराम पुत्र मोमनराम दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत टोपरिया के द्वारा भी वादी के नाम के सम्बध में तस्दीक पेश की गई है। वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात/सरपंच की तस्दीक से वादी का नाम मनफुलराम होना प्रतित होता है

वादी के राजस्व रिकार्ड एवं प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात में वादी के नामों में भिन्नता है तहसीलदार राजस्व नोहर के अनुसार वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है साथ ही यदि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो राज्य सरकार को किसी प्रकार की हानी नही होती है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधित होता है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात , शपथ पत्र/पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐतराज पेश होने के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं सरपंच ग्रम पंचायत टोपरिया के प्रमाण पत्र तथा पेरोकार राज को किसी प्रकार को ऐतराज नही होने के कारण वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा टोपरिया बारानी के खाता संख्या 240/211 की कुल 6.8310हैक्ट में वादी का रामनारायण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम अंकित है के स्थान पर मनफुलराम उर्फ रामनारायण पुत्र मोमनराम संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी अनुसार पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 05/10/2021 को प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
केम्प कोर्ट..........................

Scanned with CamScanner

**प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021**

**पर्चा डिक्री**

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

**अज अदालत :– सुश्री श्वेता कोचर ( आर.ए.एस)**

अनवान :–

1. मनफुलराम पुत्र मोमनराम जाति जाट निवारी टोपरिया तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादी

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**राजस्व वाद संख्या 581 सन 2020 निर्णय दिनांक–05/10/2021**

आज यह वाद प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021 मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी नोहर के समक्ष उभयपक्षो की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्यों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा टोपरिया बारानी के खाता संख्या 240/211 की कुल 6.8310हैक में वादी का रामनारायण उर्फ फुला पुत्र मोमनराम अंकित है के स्थान पर मनफुलराम उर्फ रामनारायण पुत्र मोमनराम संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 5/10/2021 को प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
केम्प कोर्ट टोपरिया

Scanned with CamScanner